# आंधी बारिश से टीन शेड उड़े, बिजली लाइन पर गिरे पेड़,आपूर्ति ठप

## तेज हवा से निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास की दीवार ढही,सीमेंट की चादरें गिरकर चकनाचूर हो गई, बिजली पोल तेज हवा से दो टुकड़े होकर गिरे,बिजली बनाने का काम जारी

संवाददाता, मीरगंज

**अमृत विचार:** मंगलवार को आई तेज आंधी और मूसलाधार बारिश ने क्षेत्र की बिजली व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित किया।इसके साथ ही क्षेत्र में पेड़ धराशाई हो गए, टीन शेड उड़ गए। कई जगह दीवारें गिर गई।

तेज हवाओं के कारण जगह-जगह पेड़ और टहनियां टूटकर बिजली की लाइनों पर गिर गईं, कई स्थानों पर खंभे भी टूट गए। इसके परिणामस्वरूप,मीरगंज और शाही हाइडिल से जुड़े कई दर्जनों गांवों और कस्बे में दिन में ही बिजली आपूर्ति ठप हो गई।

एसडीओ सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि 11 केवी लाइन खरसैनी फीडर पर पेड़ गिरे हुए हैं 33 केवी तहसील लाइन पर 4 पोल टूट गए।

कुड़का नगरीया फीडर में कई स्थानों पर तार टूटकर गिर गए और खंभे भी झुक गए। सिंधौली चौराहे पर ढाबे के पीछे लगी टीन तेज हवा से भरभराकर गिर गई। कुमरसेन निवासी ग्राम लभेड़ा दुर्गाप्रसाद के नए मकान पर ऊपर दूसरी मंजिल पर बनी दीवार और टीन शेड नीचे गिर गई।



फतेहगंज पश्चिमी में आंधी से सड़क पर पेड़ गिरने से यातायात ठप हो गया।

**फतेहगंज पश्चिमी** में गांव माधौपुर माफी में दो घरों की छत पर पड़ी सीमेंट की चादरें तेज हवा से उखड़ कर चकनाचूर हो गई, फतेहगंज-शाही रोड पर कई जगह पेड़ गिरने से यातायात बाधित हो गया। फतेहगंज-शाही रोड पर कस्बा में एक बैंकेट हॉल के पास एक पेड़ रोड पर गिर गया। कई जगह रोड पर पेड़ गिरने से यातायात बाधित हो गया। पुलिस ने स्थानीय लोगों से पेड़ कटवाकर बाधित यातायात सुचारू किया। माधौपुर माफी गांव में विधवा दिलवरी के मकान की छत सीमेंट की चादरों से पटी थी वहीं गांव के आशिव के मकान पर भी सीमेंट की चादरों से छत का पटान कर रखा था। तेज आंधी तूफान से दोनों घरों की छत उखड़ कर नीचे गिर गई। कस्बा में एक बैंकेट हॉल की तीन मंजिल बिल्डिंग की दीवार गिरने से आस पास के लोग सहम गए।

**फतेहगंज पूर्वी,** कस्बे के उत्तम गंज मोहल्ला निवासी रामरतन पुत्र इतवारी का निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास तेज बारिश और आंधी के चलते अचानक भरभराकर गिर गया।



भोजीपुरा में रहपुरा करीम बख्श मार्ग पर पोल दो टुकड़े हो गये।

**भोजीपुरा में** आंधी और बारिश से किसानों का लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। रहपुरा करीम बख्श को जाने वाले मार्ग पर ट्रांसफार्मर वाला पोल सड़क पर गिर गिरकर दो टुकड़े हो गया। घंघोरा घंघोरी में गांव किनारे खड़ा बिजली का पोल झुक गया है । मोहम्मदपुर ठाकुरान के ही फकीर चन्द का छप्पर भी धाराशायी हो गया। रहपुरा करीम बक्स के ही जसपाल यादव की बेटी लग्न चढ़ाने जा रहे थे। पंचायत घर के पास ट्रैक्टर ट्राली पर पेड़ गिरने से दहेज का सामान क्षतिग्रस्त हो गया। गांव वीरपुर मकरूका निवासी बद्री प्रसाद गंगवार का आंधी में टीन शैड गिर गया। जिसमें कार, ट्रैक्टर ट्राली, बाइक,सोलर पैनल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। आंधी रुकने के बाद ग्रामीणों पेड़ों काटकर रास्ता साफ किया ।



बरेली बीसलपुर मार्गपर पेड़ गिरने से यातयात ठप हो गया। ● अमृत विचार

**सिरौली** में तेज आंधी के साथ हुई जोरदार बारिश के कारण सिरौली नगर सहित ग्रामीण इलाकों की विद्युत व्यवस्था चरमरा गई है। देर रात तक दर्जनों गांव अंधेरे में डूबे रहे। देर रात तक बिजली आपूर्ति सुचारु नहीं होने पर सुबह क्षेत्र में पेयजल संकट हो सकता है।

**फतेहगंज पश्चिमी,** आंधी तूफान से बिजली लाइन क्षतिग्रस्त होने से तीन नगर पंचायत और क्षेत्र के करीब 300 गांवों की बिजली गुल हो गईं।विद्युत कर्मी लाइन दुरस्त करने में जुटे हैं लेकिन देर रात तक इलाके में बिजली नहीं आई थी। **अलीगंज** में पेड़ों के अलावा दो दर्जन से अधिक बिजली के खंभे टूट गये।




आंवला-रामनगर मार्ग पर रात में बिजली ट्रांसफार्मर में फाल्ट को ठीक करते कर्मी।

**भुता,** में बरेली बीसलपुर मुख्य मार्ग पर जगह-जगह अधिक संख्या में पेड़ भी गिरे हैं। जिससे यातायात भी बाधित रहा। तेज हवाओं के कारण बिजली के पोल भी जगह-जगह गिरे हैं। जिससे ग्रामीणों को बिजली की समस्या से सामना करना पड़ रहा है।

# नाबालिग को धमकी देने और ले जाने पर युवक और मां पर केस

संवाददाता, क्योलड़िया

**अमृत विचार:** एक गांव में किशोरी को प्रताड़ित करने, जान से मारने की धमकी देने और जबरन ले जाने का मामला सामने आया है। किशोरी के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक और उसकी मां के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित पिता द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, आरोपी युवक सारुन किशोरी को फोन पर परेशान कर रहा था और उसे दिल्ली बुलाने का दबाव बना रहा था। किशोरी के न आने पर उसने परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। जब किशोरी की मां ने फोन रिसीव किया, तब इस उत्पीड़न का खुलासा हुआ। किशोरी ने बताया कि युवक उसे किसी आपत्तिजनक वीडियो के आधार पर डरा-धमका रहा है। शिकायत के मुताबिक, 11 मई की रात आरोपी की मां किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गई।

अगली सुबह जब किशोरी घर पर नहीं मिली, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। ग्रामीणों से मिली जानकारी के आधार पर जब पिता आरोपी के घर पहुंचा, तो वहां किशोरी के बारे में संतोषजनक जवाब नहीं मिला। आरोपी पक्ष ने दावा किया कि किशोरी अपनी मर्जी से आई है।

### नाबालिग से छेड़छाड़ आरोपी गिरफ्तार


**नवाबगंज अमृत विचार :** परीक्षा देने जा रही 14 वर्षीय छात्रा के साथ रास्ते में छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करने पर आरोपी ने उसे गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने युवक को पकड़ लिया। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीलीभीत के थाना जहानाबाद क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि उनकी पुत्री थाना हाफिजगंज स्थित गांव में नानी के घर रहकर नवाबगंज कस्बे में पढ़ाई करती है। मंगलवार सुबह वह साइकिल से परीक्षा देने जा रही थी। रिछोला किफायतुल्ला गांव निवासी जुबैर पुत्र मकसूद ने मंडी के पास उसकी साइकिल रोक ली और अश्लील हरकतें करने लगा। छात्रा ने विरोध किया तो आरोपी ने गालियां दीं और घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी जुबैर को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# रेल ट्रैक पर रील बना रहे तीन युवकों को पकड़ा

संवाददाता, फतेहगंज पूर्वी,

**अमृत विचार** सोशल मीडिया पर रील बनाने के लिए रेलवे ट्रैक पर पहुंचकर जान जोखिम में डालना हरेली अलीपुर के तीन युवकों को भारी पड़ गया। आरपीएफ की टीम ने कार्रवाई करते हुए दो युवकों को हिरासत में लिया, जबकि वांछित तीसरा आरोपित बाद में स्वयं चौकी पहुंच गया।

आरपीएफ के उपनिरीक्षक नरवीर सिंह को सुरक्षा नियंत्रण कक्ष मुरादाबाद से सूचना मिली थी कि फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र के गांव हरेली अलीपुर के कुछ युवक रेलवे ट्रैक पर वीडियो शूट कर सोशल मीडिया पर वायरल कर रहे हैं। सूचना के बाद टीम ने क्रॉसिंग संख्या 346/सी पर पहुंचकर जांच शुरू की । जांच में वीडियो में दिख रहे युवकों की पहचान हरिओम ठाकुर (18 वर्ष), नितिन गंगवार और सचिन यादव निवासी ग्राम हरेली अलीपुर के रूप में हुई। टीम ने दबिश देकर हरिओम और नितिन को हिरासत में लिया जबकि सचिन यादव स्वयं चौकी पहुंच गया। तीनों युवकों ने अधिकारियों से माफी मांगते हुए कहा कि उन्हें रेलवे ट्रैक पर वीडियो बनाना अपराध होने की जानकारी नहीं थी। उन्होंने बताया कि उनका किसी रेल संचालन को बाधित करने का इरादा नहीं था और भविष्य में ऐसी गलती दोबारा नहीं करेंगे।



पकड़े गये रील बनाने वाले युवक ।

- आरपीएफ ने दो युवकों को पकड़ा, तीसरा खुद पहुंचा

युवकों ने यह भी कहा कि ट्रैक पर पशु कटने जैसी घटनाओं में वे अक्सर रेलवे कर्मचारियों की मदद करते रहे हैं। आरपीएफ ने तीनों आरोपितों के खिलाफ रेलवे एक्ट की धारा 147 के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरु कर दी है।




न्यूज ब्रीफ

### पुंछ में एलओसी के पास घुसपैठ की कोशिश नाकाम

**पुंछ/जम्मू।** भारतीय सेना ने मंगलवार को जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर एक घुसपैठिए को मार गिराया। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना कृष्णा घाटी अग्रिम क्षेत्र में हुईसतर्क सैनिकों ने पीओके से भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों के समूह का पता लगाया और उन्हें ललकारा, जिसके बाद गोलीबारी हुई। व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर कहा, लगातार निगरानी के आधार पर शाम लगभग चार बजे नियंत्रण रेखा पर पुंछ के कृष्णा घाटी सेक्टर के सामान्य क्षेत्र के तहत हमारे क्षेत्र के लगभग 300 मीटर भीतर संदिग्ध गतिविधि का पता चला। जवानों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया और एक घुसपैठिए को मार गिराया। सेना पूरे सेक्टर में उच्च स्तर की अभियानगत तत्परता बनाए हुए है।

### हिम्मत न हारें, चुनाव में हार के बाद ममता का कार्यकर्ताओं को संदेश

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने मंगलवार को अपनी पार्टी की चुनावी हार पर चिंतनशील, लेकिन जुझारू साहित्यिक प्रतिक्रिया देते हुए बहादुर शीर्षक वाली एक कविता साझा की, जिसमें कार्यकर्ताओं से विपरीत परिस्थितियों में साहस, गरिमा और आंतरिक शक्ति बनाए रखने का आह्वान किया गया है। ममता ने कविता की शुरुआत हिम्मत न हारें, मजबूत बने रहें, पंक्ति से की। उन्होंने लिखा, अगर आप हमेशा आत्मविश्वास से भरे रहते हैं तो कोई आपको छू नहीं सकता। मुस्कान के साथ क्रूर लोगों का सामना करने का संदेश देते हुए कहा, आपकी मुस्कान ही आपकी मानसिक ताकत है। कविता की अंतिम पंक्ति में तृणमूल सुप्रीमो ने लिखा है, हिम्मत न हारें। आखिरकार आपको लाभ मिलेगा, यह विश्वास रखें।

### तमिलनाडु : विमान के पंख में आग लगने के बाद उड़ान रद्द

**चेन्नई।** अबू धाबी जाने वाले एक विमान के पंख में मंगलवार को आग लगने के बाद उसकी उड़ान रद्द कर दी गई। इस विमान में लगभग 280 यात्री सवार थे। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि विमानन कंपनी ''एतिहाद एयरवेज'' का विमान उड़ान भरने की तैयारी में था तभी पायलटों ने आग देखी, जिसके बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित रूप से विमान से उतार लिया गया और किसी को कोई चोट नहीं आई। हालांकि, यात्रियों में इस घटना से दहशत जरूर फैल गई। दमकल कर्मियों ने तुरंत आग बुझा दी और उड़ान रद्द कर दी गई। इसके बाद आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। एतिहाद एयरवेज की प्रतिक्रिया जानने की कोशिश की गई लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

# राष्ट्रीय परीक्षाओं पर विश्वास का संकट ... पहली बार पूरे देश में रद्द की गई नीट

## दो साल बाद फिर एनटीए की कार्यप्रणाली के साथ पूरी चयन प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर खड़े हुए गंभीर सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देशभर के लाखों मेडिकल उम्मीदवारों के लिए नीट यूजी परीक्षा एक बार फिर निराशा और अनिश्चितता का कारण बन गई है। मंगलवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने प्रश्न पत्र लीक के बाद तीन मई 2026 को आयोजित परीक्षा रद्द करने का अभूतपूर्व फैसला लिया। परीक्षा में 23 लाख छात्र बैठे थे। यह पहली बार है, जब इस राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा को पूरे देश में निरस्त किया गया है।

हालांकि, इस परीक्षा को लेकर विश्वास पर संकट पहली बार नहीं खड़ा हुआ है। वर्ष 2024 के बड़े विवाद के ठीक दो साल बाद आए इस संकट ने न सिर्फ एनटीए की कार्यप्रणाली बल्कि पूरी चयन प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर गंभीर सवालिया निशान लगा दिए हैं। इससे पहले 2024 में हजारीबाग (झारखंड) और पटना (बिहार) में पेपर लीक के आरोपों के बाद देशव्यापी विरोध प्रदर्शन हुए थे। उस वक्त परीक्षा से ठीक पहले हल किए गए प्रश्न पत्र बेचने का मामला सामने आया था। मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था, जहां बड़ी संख्या में छात्रों के शत-प्रतिशत अंक हासिल करने पर सवाल उठाए गए थे।



दिल्ली में एनएसयूआई ने किया विरोध प्रदर्शन।

### महीने भर पहले ही लीक हो गए थे ज्यादातर प्रश्न

ताजा विवाद राजस्थान के सीकर से जुड़े एक गेस पेपर के इर्द-गिर्द घूम रहा है। आरोप है कि परीक्षा से एक महीने पहले ही केमिस्ट्री के लगभग 120 सवाल और बायोलॉजी के कई हिस्से लीक हो गए थे। बहरहाल, 2024 के लीक विवाद से लेकर 2026 के पूर्ण रद्दीकरण तक के सफर ने यह स्पष्ट कर दिया है कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा की साख अब तक के सबसे बड़े संकट के दौर से गुजर रही है। लाखों छात्रों का भविष्य अब सीबीआई की जांच और आगे होने वाली पुन: परीक्षा की पारदर्शिता पर टिका है।

### 2024... यूजीसी नेट भी की गई थी रद्द, नीट पीजी और सीएसआईआर-यूजीसी नेट को करना पड़ा था स्थगित

वर्ष 2024 में ही परीक्षाओं की विश्वसनीयता का संकट इतना गहरा था कि यूजीसी नेट को भी आयोजित होने के एक दिन बाद ही रद्द करना पड़ा था, जबकि नीट-पीजी और सीएसआईआर-यूजीसी नेट जैसी परीक्षाओं को स्थगित करना पड़ा था। नीट के अस्तित्व में आने से पहले भी देश ने ऐसा ही मंजर 2015 में देखा था। तब सुप्रीम कोर्ट ने सीबीएसई के आयोजित 'ऑल इंडिया प्री-मेडिकल/प्री-डेंटल टेस्ट' (एआईपीएमटी) को रद्द करने का ऐतिहासिक आदेश दिया था। उस समय जांचकर्ताओं ने एक संगठित नकल गिरोह का भंडाफोड़ किया था, जिसमें अभ्यर्थी ब्लूटूथ डिवाइस और माइक्रो-सिम वाली जैकेट का उपयोग कर रहे थे। हरियाणा पुलिस के कम से कम 44 लाभार्थियों की पुष्टि करने के बाद अदालत ने दोबारा परीक्षा कराने का आदेश दिया था।

### विपक्ष का आरोप- पूरी व्यवस्था भ्रष्ट

विपक्षी नेताओं ने एनटीए की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए प्रवेश परीक्षाओं से जुड़े बार-बार होने वाले विवादों के लिए जवाबदेही की मांग की। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि 'भ्रष्ट भाजपाई व्यवस्था' ने 22 लाख छात्रों के सपनों को कुचल दिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तथाकथित अमृतकाल 'विषकाल' बन गया है। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, नीट 2026 की परीक्षा रद्द हो गई। बाईस लाख से ज़्यादा छात्रों की मेहनत, त्याग और सपनों को इस भ्रष्ट भाजपाई व्यवस्था ने कुचल दिया। किसी पिता ने कर्ज़ लिया, किसी मां ने गहने बेचे, लाखों बच्चों ने रात-रात भर जागकर पढ़ाई की और बदले में मिला पेपर लीक, सरकारी लापरवाही और शिक्षा में संगठित भ्रष्टाचार। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि प्रश्न पत्र लीक की बार-बार घटनाओं से लाखों छात्र और उनके परिजन नाराज हैं। उन्होंने लिखा, क्या गारंटी है कि परीक्षा दोबारा करवाने पर प्रश्नपत्र लीक नहीं होगा। लाखों बच्चों और परिजनों के बीच भाजपा की भ्रष्टाचारी व्यवस्था के विरुद्ध बेहद आक्रोश और हताशा है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा, मैं जानता हूं कि विद्यार्थी ऐसी परीक्षाओं के लिए कितनी मेहनत करते हैं। कई परिवार तो पैसे जुटाने के लिए अपने गहने तक गिरवी रख देते हैं। मैं विद्यार्थियों से कहना चाहता हूं कि उन्हें सड़कों पर उतरना होगा। यह सरकार केवल जन आंदोलन की भाषा समझती है, केजरीवाल आपके साथ है। तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य सागरिका घोष ने भी सरकार पर निशाना साधा।

# अन्नाद्रमुक में दो फाड़, 30 विधायकों ने किया विजय को समर्थन का एलान

## तमिलनाडु में टीवीके के बहुमत साबित करने से एक दिन पहले नाटकीय घटनाक्रम

**बागी विधायकों ने पार्टी प्रमुख पलानीस्वामी पर लगाया पर्दे के पीछे द्रमुक से गठबंधन का आरोप**

**चेन्नई, एजेंसी**

तमिलनाडु में टीवीके प्रमुख सी जोसेफ थलापति विजय की ओर से बुधवार को बहुमत साबित किए जाने से पहले विपक्षी दल अन्नाद्रमुक मंगलवार को विभाजन की नौबत तक पहुंच गया। पार्टी प्रमुख एडप्पाडी के पलानीस्वामी के खिलाफ विधायकों के एक बड़े समूह ने प्रतिद्वंद्वी द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के साथ पर्दे के पीछे गठबंधन की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए बगावत कर दी, साथ ही विजय के नेतृत्व वाली तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) सरकार को खुला समर्थन देने की भी घोषणा कर दी।

टीवीके सरकार बुधवार को विधानसभा में अपना बहुमत साबित करेगी। अन्नाद्रमुक के वरिष्ठ नेता एसपी वेलुमणि और सीवे षणमुगम के नेतृत्व में लगभग 30 विधायकों के बागी गुट में होने की संभावना है। इस गुट ने 23 अप्रैल को हुए विधानसभा चुनावों में पार्टी की करारी हार के बाद पलानीस्वामी के नेतृत्व पर सवाल उठाए हैं। इन चुनावों में अन्नाद्रमुक ने जिन 164 सीटों पर चुनाव लड़ा था, उनमें से वह केवल 47 सीटें ही जीतने में सफल रही थी। षणमुगम ने कहा कि वे आज मुख्यमंत्री विजय से मिलकर उनकी सरकार को समर्थन देने के लिए पत्र सौंपेंगे। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि पार्टी के महासचिव पलानीस्वामी द्रमुक के समर्थन से सरकार बनाना चाहते थे। उन्होंने कहा कि अन्नाद्रमुक का गठन ही द्रमुक के विरोध और सफाये के लिए हुआ है। इसलिए पार्टी के सभी सदस्यों ने एमके स्टालिन की अगुवाई वाली पार्टी के समर्थन से सरकार बनाने के पलानीस्वामी के प्रस्ताव का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई भी प्रस्ताव अन्नाद्रमुक के मूलभूत सिद्धांतों के विपरीत है।

अन्नाद्रमुक नेतृत्व ने इन आरोपों को अफवाह बताकर खारिज कर दिया है। अन्नाद्रमुक ने 'एक्स' पर पोस्ट कर आरोप लगाया कि वेलुमणि, षणमुगम और सी विजयभास्कर खुद टीवीके सरकार में मंत्री पद पाने की कोशिश कर रहे हैं।



मंगलवार को विधानसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री विजय।

### विश्वास प्रस्ताव पर टीवीके विधायक सेतुपति की वोटिंग पर रोक का मामला शीर्ष कोर्ट पहुंचा

**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट ने तमिलनाडु विधानसभा में एक विधायक को बुधवार को पेश होने वाले विश्वास प्रस्ताव पर मत डालने से रोक दिया। इस मामले को फौरन सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान में लाया गया। सुप्रीम कोर्ट इस मामले में बुधवार को सुनवाई करेगा। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय विधानसभा में बहुमत साबित करने के लिए विश्वास प्रस्ताव बुधवार को ही रखने वाले हैं। मगर इससे ठीक पहले, मद्रास हाईकोर्ट की अवकाशकालीन पीठ ने उनकी पार्टी के तिरुपत्तूर से विधायक सीनिवासा सेतुपति को सदन की इस कार्यवाही में शामिल होने से रोक दिया है। हाईकोर्ट ने यह रोक द्रमुक नेता केआर पेरियाकरुप्पन की एक अर्जी पर लगाई है, जिसमें उन्होंने सेतुपति की जीत को चुनौती दी है। सेतुपति ने सिर्फ एक वोट के अंतर से पेरियाकरुप्पन को हराया था।

### वीसीके प्रमुख का दावा- द्रमुक-अन्नाद्रमुक ने भेजा मुख्यमंत्री बनाने का प्रस्ताव

द्रमुक ने दोनों दलों के बीच चुनाव के बाद गठबंधन की बातचीत के षणमुगम के दावों को खारिज कर दिया और उन पर अपनी ही पार्टी के भीतर फूट डालने की कोशिश करने का आरोप लगाया। षणमुगम की टिप्पणियों पर कड़ी आपत्ति जताते हुए द्रमुक के संगठन सचिव आरएस भारती ने दावा किया कि अन्नाद्रमुक नेता ने टीवीके सरकार का समर्थन करने का फैसला किया है और इसीलिए उन्होंने यह आधारहीन आरोप लगाए हैं। भारती ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष एमके स्टालिन पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि द्रमुक विपक्षी दल के रूप में अपनी भूमिका निभाएगी। वहीं, वीसीके प्रमुख थोल थिरुमावलवन ने मंगलवार को दावा किया कि द्रमुक और अन्नाद्रमुक दोनों ने उन्हें मुख्यमंत्री बनने के लिए संपर्क किया था। दोनों द्रविड़ दल टीवीके को सत्ता से दूर रखने के लिए संभावित गठबंधन का नेतृत्व उन्हें सौंपने का प्रस्ताव कर रहे थे। लेकिन हमने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया।

## तमिलनाडु के आधे मंत्रियों पर आपराधिक मामले : एडीआर

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु में नवगठित मंत्रिमंडल के आधे मंत्रियों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं, जबकि 20 प्रतिशत मंत्रियों की संपत्ति 100 करोड़ रुपये से अधिक है। एसोसिएशन फोर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) ने हाल ही में जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है।

एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार 10 मंत्रियों में से पांच आनी 50 प्रतिशत ने आपराधिक मामलों की घोषणा की है जबकि तीन यानी 30 प्रतिशत मंत्रियों ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले लंबित होने की सूचना दी है। एडीआर का कहना है कि इन मंत्रियों में मात्र एक महिला है।

## मुख्यमंत्री विजय ने दिया शराब की 717 दुकानें बंद करने का आदेश

**चेन्नई।** तमिलनाडु में महिलाओं और कुछ राजनीतिक दलों की ओर से पूर्ण शराबबंदी लागू करने की मांग के बीच मुख्यमंत्री सी. जोसफ विजय ने मंगलवार को राज्यभर में सरकारी स्वामित्व वाली 717 खुदरा शराब दुकानों को बंद करने का आदेश दिया जिनमें पूजा स्थलों के पास स्थित 276 दुकानें भी शामिल हैं।

द्रमुक ने जहां इस कदम को प्रचार पहल बताकर मजाक उड़ाया, वहीं शराबबंदी की प्रबल समर्थक पीएमके ने न केवल विजय की घोषणा का स्वागत किया, बल्कि राज्य में धीरे-धीरे शराबबंदी लागू करने का समर्थन भी किया। इसके अलावा, मुख्यमंत्री का पदभार संभालने के बाद केंद्र को लिखे अपने पहले पत्र में विजय ने श्रीलंकाई नौसेना की ओर से भारतीय मछुआरों की गिरफ्तारी और मछुआरों व नावों की स्वदेश वापसी के भावनात्मक मुद्दे को उठाया। इसके साथ जन कल्याण पर ध्यान केंद्रित करते हुए टीवीके ने अपने कार्यकर्ताओं पर सार्वजनिक स्थानों पर बैनर और पोस्टर लगाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। तमिलनाडु राज्य विपणन निगम राज्य भर में शराब की 4,765 खुदरा दुकानें चलाता है। वर्ष 2025 में, तमिलनाडु में शराब की बिक्री से राजस्व 48,344 करोड़ रुपये था।

- **सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर नहीं लगाएंगे टीवीके के कार्यकर्ता**

# सीबीआई निदेशक के चयन पर राहुल गांधी का असहमति नोट, कहा- मैं रबर स्टांप नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सीबीआई प्रमुख के चयन की प्रकिया को लेकर असहमति का नोट दिया है, साथ ही कहा है कि वह इस पक्षपातपूर्ण प्रक्रिया में भाग लेकर अपने संवैधानिक कर्तव्य से विमुख नहीं हो सकते। राहुल गांधी ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष कोई रबर स्टांप नहीं होता है।

राहुल गांधी ने कहा कि सरकार का कदम साफतौर पर चयन प्रक्रिया का मजाक बनाने का संकेत है और पहले से तय किसी व्यक्ति का चयन होता है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को लिखे असहमति वाले पत्र को साझा करते हुए 'एक्स' पर पोस्ट किया, मैंने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर सीबीआई निदेशक चयन प्रक्रिया पर अपनी असहमति दर्ज कराई है। मैं पक्षपातपूर्ण प्रक्रिया में भाग लेकर अपने संवैधानिक कर्तव्य से विमुख नहीं हो सकता। उन्होंने असहमति के नोट में कहा, सीबीआई के अगले निदेशक की सिफारिश करने के लिए गठित समिति के अध्यक्ष के रूप में आपको इसकी कार्यवाही पर अपनी असहमति के लिए लिख रहा हूं।

उन्होंने लिखा है, आपकी सरकार ने राजनीतिक विरोधियों, पत्रकारों और आलोचकों को निशाना बनाने के लिए भारत की प्रमुख जांच एजेंसी सीबीआई का बार-बार दुरुपयोग किया है। इस तरह के संस्थागत कब्जे को रोकने के लिए ही नेता प्रतिपक्ष को चयन समिति में शामिल किया जाता है। अफसोस की बात है कि आपने इस प्रक्रिया में मुझे किसी भी सार्थक भूमिका से वंचित करना जारी रखा है।



- **पीएम को लिखा पत्र- संवैधानिक कर्तव्य से विमुख नहीं हो सकता**

# चीन को अपनी वैश्विक स्थिति-साख के बारे में सोचना चाहिए : भारत

**नई दिल्ली एजेंसी**

भारत ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की परोक्ष रूप से मदद करने की चीन की स्वीकारोक्ति से भारत के इस बारे में पहले से किए गए दावों और तथ्यों की पुष्टि होती है। भारत ने यह भी कहा है कि पाकिस्तान का परोक्ष रूप से समर्थन करने वाले देशों को आत्मचिंतन करना चाहिए कि आतंकवादी ठिकानों को बचाने के उनके प्रयास का उनकी साख और वैश्विक स्थिति पर किस तरह का असर पड़ता है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को साप्ताहिक ब्रीफिंग में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन की ओर से पाकिस्तान का परोक्ष समर्थन करने की चीन की स्वीकारोक्ति के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हमने ऐसी रिपोर्टें देखी हैं जो पहले से ज्ञात तथ्यों की पुष्टि करती हैं। ऑपरेशन सिंदूर, पहलगाम में हुए आतंकवादी हमलों के जवाब में की गई एक सटीक, लक्षित और संतुलित कार्रवाई थी, जिसका उद्देश्य पाकिस्तान से संचालित और उसके समर्थन से प्रायोजित आतंकवादी ढांचे को नष्ट करना था।

उन्होंने कहा कि जो राष्ट्र स्वयं को जिम्मेदार मानते हैं, उन्हें इस बात पर आत्मचिंतन करना चाहिए कि आतंकवादी ढांचे की रक्षा के प्रयासों का समर्थन करना उनकी प्रतिष्ठा और वैश्विक स्थिति को किस प्रकार प्रभावित करता है। उल्लेखनीय है कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद कहा था कि चीन और तुर्किये जैसे देशों ने इस ऑपरेशन के दौरान पाकिस्तान का परोक्ष समर्थन किया था। चीन ने भी हाल ही में यह माना है कि उसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को तकनीकी समर्थन दिया था। चीन के मीडिया में आई एक रिपोर्ट में यह खुलासा किया गया है।

हांगकांग स्थित 'साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट' ने सीसीटीवी के हवाले से कहा कि झांग ने पिछले साल मई में चार दिन के सैन्य संघर्ष के दौरान पाकिस्तान को तकनीकी सहायता प्रदान की थी।

- **ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के समर्थन की चीनी स्वीकारोक्ति पर बोला विदेश**

## अन्नाद्रमुक विश्वास प्रस्ताव के खिलाफ वोट करेगी: कृष्णमूर्ति

**चेन्नई।** ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) ने 13 मई को प्रस्तावित विश्वास प्रस्ताव के खिलाफ मतदान करने का फैसला किया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता अग्री एस एस कृष्णमूर्ति ने यह भी चेतावनी दी कि संभावित क्रॉस वोटिंग पर कानूनी परिणाम का सामना करना होगा।


पलानीस्वामी समर्थक गुट के विधायकों के साथ कृष्णमूर्ति ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह निर्णय पार्टी के महासचिव ने लिया है। सभी पार्टी विधायकों को औपचारिक रूप से निर्देश का पालन करने के लिए कहा गया है। संभावित क्रॉस-वोटिंग पर यदि आवश्यक हुआ तो दलबदल विरोधी कानून के तहत कार्यवाही शुरू की जाएगी। इस बीच, मणियन ने पार्टी में फूट की खबरों को खारिज करते हुए कहा कि अन्नाद्रमुक पलानीस्वामी के नेतृत्व में एकजुट है। उन्होंने अन्य गुटों के विरोधाभासी बयानों को पदों के भूखे लोगों द्वारा बदनामी के इरादे से फैलाई गई बात कहकर खारिज कर दिया। उधर, बागी खेमे ने अपनी नई टीम की भी घोषणा कर दी है। इसमें कहा गया है कि विधायक दल के नेताः एस.पी. वेलुमणि के अलावा उप-नेता के. हरि होंगे जबकि सचेतक का काम सी. विजय भास्कर और सचिव का काम आर. कामराज करेंगे। इस गुट ने अपनी नियुक्ति के पत्र प्रोटेम स्पीकर को सौंप दिए हैं।

## श्री श्री के सानिध्य में 182 देशों के लोग करेंगे वैश्विक ध्यान

**बेंगलुरु।** आर्ट ऑफ लिविंग के 45 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 13 मई को गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के सानिध्य में विश्व शांति के लिए वैश्विक ध्यान का भव्य आयोजन होगा। बेंगलुरु स्थित इंटरनेशनल सेंटर में होने वाले इस कार्यक्रम में 182 देशों के करोड़ों लोग प्रत्यक्ष और ऑनलाइन माध्यम से एक साथ ध्यान करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने तीन दिन पूर्व ही इस आयोजन के लिए नवनिर्मित दिव्य ध्यान परिसर का उद्घाटन कर इसकी महत्ता को रेखांकित किया था। प्रधानमंत्री के अनुसार, डिजिटल युग के तनाव से मुक्ति के लिए यह आंतरिक संतुलन का बड़ा माध्यम बनेगा। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार, सर्बानंद सोनोवाल, मणिपुर के मुख्यमंत्री युमनाम खेमचंद सिंह सहित कई राज्यों के राज्यपाल और गणमान्य अतिथि शामिल होंगे। साथ ही हीरानंदानी समूह के अध्यक्ष निरंजन हीरानंदानी और फिल्म जगत से रजनीकांत, अल्लू अर्जुन, मोहन बाबू व अर्जुन रामपाल जैसे कलाकार भी गुरुदेव के सानिध्य में होने वाले इस आयोजन का हिस्सा बनेंगे। ये आयोजन गुरुदेव द्वारा 45 वर्षों से दिए जा रहे शांति और मानवीय सेवा का संदेश वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करेगा। उस वैश्विक शांति संदेश का जीवंत स्वरूप होगा, जिसे वह साढ़े चार दशकों से विश्व में फैला रहे हैं। यह आयोजन न केवल मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाएगा, बल्कि वसुधैव कुटुंबकम की भावना को भी चरितार्थ करेगा।

- **आर्ट ऑफ लिविंग के 45 वर्ष पूरे होने के अवसर पर होगा कार्यक्रम**



## बंगाल: नौकरी घोटाले में पूर्व मंत्री सुजीत बोस को ईडी की हिरासत में भेजा

**कोलकाता।** एक अदालत ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री सुजीत बोस को कथित नगरपालिका भर्ती घोटाले के मामले में 21 मई तक ईडी की हिरासत में भेज दिया। सुजीत बोस तृणमूल कांग्रेस के नेता हैं। उन्हें केंद्रीय एजेंसी ने सोमवार देर रात कई घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार करने के बाद मंगलवार को बैंकशाल अदालत में पेश किया।

ईडी ने अदालत को बताया कि बोस ने नगर निकाय की भर्ती में कथित अनियमितताओं को लेकर पूछताछ के दौरान जानकारी छिपाई और विरोधाभासी बयान दिए। एजेंसी ने यह दलील देते हुए पूर्व अग्निशमन सेवा मंत्री की 10 दिन की हिरासत की मांग की कि उनकी रिहाई से जांच प्रभावित हो सकती है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने आदेश दिया कि सुजीत बोस को 21 मई तक ईडी हिरासत में रखा जाए। बिधाननगर से तीन बार के विधायक रहे सुजीत बोस को हाल के विधानसभा चुनाव में भाजपा के शरद्वत मुखर्जी से 37,000 से अधिक मतों के अंतर से हार का सामना करना पड़ा था।

- **सोमवार रात गिरफ्तार किया था ईडी ने, 21 तक रहेंगे हिरासत में**

फैसला

**सुप्रीम कोर्ट ने कुटुंब अदालत और गुजरात हाईकोर्ट के निर्णय को किया खारिज, कहा- ये टिप्पणियां अति रूढ़िवादी दृष्टिकोण**

# अपने करियर के लिए पत्नी की महत्वाकांक्षा पति के प्रति क्रूरता या परित्याग नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में मंगलवार को कहा कि किसी योग्य महिला का अपने करियर को आगे बढ़ाने और अपने बच्चे के लिए सुरक्षित एवं स्थिर वातावरण सुनिश्चित करने का निर्णय पति के प्रति क्रूरता या परित्याग नहीं माना जा सकता। शीर्ष अदालत ने कहा कि एक कुटुंब अदालत की ओर से महिला के दंत चिकित्सक के रूप में अपने पेशेवर करियर को क्रूरता और परित्याग बताना एक सामंती सोच, प्रतिगामी और अति-रूढ़िवादी दृष्टिकोण है।

गुजरात हाईकोर्ट ने भी कुटुंब अदालत के आदेश को बरकरार रखा था, जिसे शीर्ष अदालत में चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने निचली अदालत और हाईकोर्ट के प्रतिगामी निष्कर्षों को खारिज कर दिया और कहा कि पत्नी की पेशेवर पहचान पर किसी भी प्रकार का अप्रत्यक्ष वैवाहिक वीटो लागू नहीं किया जा सकता। पीठ ने पति और पत्नी दोनों की ओर से दायर परस्पर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा कि विवाह अब पूरी तरह टूट चुका है और इसे सुलह की संभावना न होने के कारण तलाक को आधार बनाकर समाप्त किया गया है, न कि पत्नी की ओर से क्रूरता या परित्याग के आधार पर। शीर्ष अदालत ने इस बात का भी संज्ञान लिया कि पति ने दूसरी शादी कर ली है और पत्नी के खिलाफ झूठी गवाही की अर्जी खारिज कर दी।

पीठ ने कहा कि पति-पत्नी दोनों का यह दायित्व है कि वे अपने वैवाहिक संबंधों में एक-दूसरे की आकांक्षाओं का सम्मान करते हुए संतुलन बनाए रखें, न कि कोई एक पक्ष दूसरे के जीवन-निर्णयों को एकतरफा रूप से नियंत्रित करे।



### कुटुंब अदालत की टिप्पणियों पर कड़ा रुख, कहा- हम अब 21वीं सदी में हैं

शीर्ष अदालत ने कुटुंब अदालत की ओर से महिला के खिलाफ की गई टिप्पणियों को हटाते हुए कड़ी टिप्पणी की। न्यायमूर्ति मेहता ने पीठ की ओर से लिखे फैसले में कहा, हम 21वीं सदी में हैं और इसके बावजूद एक योग्य महिला की ओर से अपने पेशेवर करियर को आगे बढ़ाने और बच्चे के पालन-पोषण के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के प्रयास को निचली अदालतों ने क्रूरता और परित्याग के रूप में देखा है। पीठ ने पारिवारिक न्यायालय की उन टिप्पणियों की आलोचना की, जिन्हें हाईकोर्ट ने भी बरकरार रखा था। शीर्ष अदालत ने कहा कि ये टिप्पणियां न केवल कानूनी रूप से अस्थिर हैं, बल्कि अत्यंत चिंताजनक भी हैं। यह विशेष रूप से रेखांकित किया जाना चाहिए कि एक शिक्षित और पेशेवर रूप से योग्य महिला से यह अपेक्षा नहीं की जा सकती कि वह केवल वैवाहिक दायित्वों की कठोर सीमाओं में बंधी रहे। विवाह उसकी व्यक्तिगत पहचान को समाप्त नहीं करता, न ही उसके व्यक्तित्व को उसके पति की पहचान के अधीन कर देता है।

### सबरीमाला मामला: सामाजिक सुधार के नाम पर धार्मिक आजादी का हनन नहीं हो सकता

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि सामाजिक सुधार के नाम पर धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन नहीं किया जा सकता। अदालत ने इस बात पर भी जोर दिया कि संविधान निर्माताओं ने समाज की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कानून बनाए थे और नौ-सदस्यीय संविधान पीठ इसे उलट नहीं सकती। सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ केरल के सबरीमाला मंदिर सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ भेदभाव और धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे से जुड़े मामलों की सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के 14वें दिन के दौरान केरल सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता जयदीप गुप्ता ने दलील दी कि सामाजिक सुधार के नाम पर धर्म के मूल पहलुओं को हटाया नहीं जा सकता।

## मोदी के आर्ट आफ लिविंग आश्रम जाने के मार्ग के पास टाइमर और सर्किट बोर्ड मिला

**बेंगलुरु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस मार्ग से बेंगलुरु के बाहरी इलाके में स्थित आर्ट ऑफ लिविंग आश्रम जाने वाले थे, उसके पास से जिलेटिन मिलने की जांच कर रही पुलिस टीम को एक सर्किट और एक टाइमर भी मिला है।

राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने एनआईए भी इस जांच में शामिल होने में दिलचस्पी दिखा रही है। रविवार को मोदी के कार्यक्रम स्थल के पास सड़क किनारे जिलेटिन की दो छड़ बरामद की गईं, जिसके बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई और पुलिस ने यह पता लगाने के लिए शुरू की कि वह कहां से आयी और क्या उसकी मौजूदगी के पीछे क्या कोई बड़ी साजिश थी। सूत्रों के मुताबिक विस्फोटक सामग्री एक गत्ते के डिब्बे में मिली, जिसमें एक टाइमर और एक सर्किट भी था। पुलिस को पहले रविवार सुबह करीब सात बजे एक फोन आया, जिसमें फोन करने वाले ने बताया कि उसने बम लगाया है।

